
# यूपी में ग्लोबल कैपेसिटी सेंटर बनाने की तैयारी में टोक्यो इलेक्ट्रॉन

**लखनऊ।** सेमीकंडक्टर निर्माण उपकरणों की प्रमुख निर्माता कंपनी टोक्यो इलेक्ट्रॉन लिमिटेड (टीईएल) ने यूपी में ग्लोबल कैपेसिटी सेंटर बनाने में रुचि दिखाई है। वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना और प्रमुख सचिव आलोक कुमार के नेतृत्व में जापान गए यूपी के प्रतिनिधिमंडल से वार्ता के दौरान टीईएल के कॉर्पोरेट ऑफिसर व एग्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट ताकेशी ओकुबो ने ये इच्छा जताई।



## सेमीकंडक्टर व शिक्षा क्षेत्र में जापान से बढ़ाया सहयोग

उच्च तकनीकी निर्माण और शिक्षा के क्षेत्र में भारत-जापान सहयोग को मजबूत करने के उद्देश्य से यूपी सरकार के उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने टोक्यो और ओसाका में कई महत्वपूर्ण बैठकें कीं। टीईएल ने नोएडा में तेजी से विकसित हो रहे सेमीकंडक्टर ईकोसिस्टम, विनिर्माण, कौशल विकास और प्रदेश में ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर (वैश्विक क्षमता केंद्रों-जीसीसी) स्थापित करने की संभावनाओं पर विचार किया।

टीईएल नेतृत्व ने यूपी की निवेश अनुकूल नीतियों की सराहना करते हुए राज्य को जीसीसी के लिए उपयुक्त बताया। बैठक में मुख्यमंत्री के सचिव अमित सिंह और विशेष सचिव विपिन कुमार जैन भी शामिल हुए। यूपी के प्रतिनिधिमंडल ने ओसाका प्रीफेक्चुरल असेंबली का भी दौरा किया। दोनों पक्षों ने क्षमता निर्माण, युवाओं के कौशल उन्नयन और तकनीकी आदान प्रदान पर विचार साझा किए। ब्यूरो